**खबर संक्षेप**

### जय स्तंभ चौक से निकलेगी भगवान परशुराम जी की विशाल शोभायात्रा

**शहडोल।** भगवान परशुराम जी के जन्मोत्सव कार्यक्रम को लेकर बेहद उत्साह और उमंग के साथ ब्राह्मण समाज विभिन्न तैयारी में जुटा हुआ है। आगामी शुक्रवार, अक्षय तृतीया को आयोजित होने वाले उक्त कार्यक्रम की रूपरेखा लगभग तय हो चुकी है। इस अवसर पर जहां मुख्यालय के मुख्य मार्ग से विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी। तो वहीं विशाल भंडारा प्रसाद वितरण का आयोजन भी होगा। शहर में निकलने वाली शोभायात्रा में हजारों की संख्या में विप्र बंधुओं के शामिल होने की उम्मीद जताई गई है। उक्त जानकारी देते हुए ब्राह्मण समाज ने सभी विप्र बंधुओं को आमंत्रित करते हुए, शोभा यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है। ब्राह्मण समाज के जिला अध्यक्ष बाल्मीकि प्रसाद गौतम ने बताया कि, प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी भगवान श्री परशुराम जी स्वामी के जन्मोत्सव मनाया जाएगा। अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर सायं 4:30 बजे जयस्तंभ चौक से गांधी चौक, जैन मंदिर होते हुए मोहनराम मंदिर तक शोभायात्रा निकाली जाएगी।

### हनुमान मंदिर से निकलेगी भगवान परशुराम जन्मोत्सव की शोभा यात्रा



**शहडोल।** अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज के संभाग अध्यक्ष पंडित पीयूष शुक्ला ने जानकारी देते हुए बताया है कि, शहीद भगतसिंह काम्प्लेक्स पुराना बस स्टैंड स्थित हनुमान मंदिर परिसर से, भगवान विष्णु के छठवें अवतार, भगवान परशुराम के जन्मोत्सव के अवसर पर 10 मई की शाम 04 बजे, बाजे-गाजे एवं सुसज्जित झांकियों के साथ भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी। इस शोभा यात्रा मे पंडित नरेंद्र दुबे, पंडित रविन्द्र तिवारी, पंडित राजेश्वर उदानिया, पंडित अजय अवस्थी, पंडित अनुपम अनुराग अवस्थी, पंडित अनिल द्विवेदी, पंडित ऋषि, पंडित विजय दुबे, पंडित राज किशोर शुक्ला, पंडित प्रभात पाण्डेय, पंडित अनुज मिश्रा, पंडित अभिषेक मिश्रा, पंडित आशीष तिवारी, पंडित सूर्य प्रकाश मिश्रा, पंडित विनोद द्विवेदी, पंडित प्रवीण पाठक, पंडित राजेश पाठक आदि ने समस्त नगरवासियों से पीले वस्त्र धारण कर यात्रा में सम्मिलित होने की अपील की है।

**एक दिन पहले कल्याणपुर में नाबालिग का हुआ था गैंगरेप**

# नाबालिग के साथ गैंगरेप करने वाले पांचों आरोपी गिरफ्तार: घरों पर चला बुलडोजर

शहडोल मुख्यालय से सेट ग्राम कल्याणपुर के जंगल में 15 साल की किशोरी के साथ गैंगरेप करने वाले पांच बदमाशों को पुलिस ने 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार करने में सफलता अर्जित की, वहीं बदमाशों के अतिक्रमण कर सरकारी जमीन पर बनाए गए मकानों को भी पुलिस ने जमींदोज कर दिया, आरोपियों को गिरफ्तार करने के बाद न्यायिक हिरासत में माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।





**शहडोल।** दो दिन पहले संभागीय मुख्यालय से सटे ग्राम कल्याणपुर में रहने वाली 15 साल की किशोरी के साथ पांच युवकों के द्वारा सामूहिक बलात्कार किया गया था, घटना की शिकायत के अगले दिन ही पुलिस ने महत्वपूर्ण 24 घंटे के अंदर पांचो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया, मंगलवार की सुबह ही इस बात की पुष्टि हुई कि आरोपी कौन-कौन थे और उन्हें पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक की अलग-अलग टीमों ने अगले चौबीस घंटो के अंदर ही एक ही स्थान से दबोच लिया, इधर पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही थी, उधर बलात्कारियों के घरों को चिन्हित किया जा रहा था, कलेक्टर तरुण भटनागर और पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक के निर्देशन में पांचो आरोपियों के घरों को बुधवार की सुबह ही चिन्नाकित कर लिया गया था और उन्हें जमीदोंज करने के लिए पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई थी। बुधवार की दोपहर पहले आरोपी के घर को जमीदोंज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई, जिसके बाद एक-एक करके सभी आरोपियों के अवैध आवासों को देर शाम तक जमीदोंज कर दिया गया।

पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक और कलेक्टर तरुण भटनागर ने स्पष्ट किया कि किसी भी स्थिति में अपराधियों को इस तरह के कार्य के बाद बख्शा नहीं जाएगा, एक तरफ पुलिस उन्हें गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश कर रही थी, वहीं दूसरी और उनके द्वारा अवैध रूप से बनाए गए भवनों को बुलडोजर के माध्यम से जमींदोज किया जा रहा था।

### यह हुआ था कल्याणपुर में

शहडोल कोतवाली अंतर्गत ग्राम कल्याणपुर में निवासरत 15 साल की किशोरी सोमवार को घर से कोचिंग के लिए अपने एक परिचित के साथ स्कूटी से कोचिंग जा रही थी। इसी दौरान रास्ते में 5 युवकों ने उन्हें रोका और परिचित युवक के साथ मारपीट करने लगे। इसी दौरान अन्य युवक नाबालिग को पकड़कर घसीटते हुए जंगल में ले गए और उसके साथ गैंगरेप किया। इतना ही नहीं दरिंदों ने रेप करते वक्त उसका वीडियो भी बनाया और धमकी दी कि अगर किसी को कुछ बताया तो वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल कर देंगे। घटना के बाद फटे कपड़े और खून से लथपथ हालात में छात्रा अपने घर पहुंची और परिजनों को पूरी घटना बताई। परिजनों ने कोतवाली थाना में जाकर मामले की शिकायत की। नाबालिग छात्रा की शिकायत पर पुलिस ने पांच अज्ञात लोगों के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी थी।

### गिरफ्तार हुए आरोपी

किशोरी के साथ गैंगरेप करने वाले 5 आरोपियो को शहडोल पुलिस ने बुधवार को उमरिया जिले के पाली क्षेत्र के जंगल से पकड़ा है। पकड़े गए सभी पांचो आरोपी ग्राम कल्याणपुर थाना कोतवाली शहडोल के रहने वाले है, जिन्हें पुलिस ने 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। नाबालिग के साथ गैंग रेप करने वाले ऐश्वर्य निधि गुप्ता उर्फ लल्लू गुप्ता 36 साल, साहिल कुरैशी पिता सहीद कुरैशी उम्र 22 वर्ष, कैलाश उर्फ मन्नू पनिका पिता राजू पनिका उम्र 29 वर्ष, मो. समीम पिता मो. अकरम उम्र 18 वर्ष, मो. अफजल अंसारी पिता मो. फारुख अंसारी उम्र 28 वर्ष ले रूप में कीं थी, जिनके ऊपर 30 हजार के इनाम की एडीजीपी डी.सी. सागर द्वारा किया गया था, इस मामले में एक एसआईटी की टीम गठित की गई थी, फरार गैंग रेप के आरोपियो को उमरिया जिले के पाली क्षेत्र के नरवार के जंगल से गिरफ्तार किया है।

### पांचों के आवास पर चला बुलडोजर

बुधवार की सुबह से ही पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक और कलेक्टर तरुण भटनागर के निर्देशन में दो टीमें अलग-अलग काम कर रही थी, एक टीम जहां आरोपियों को तलाश करने में जुटी हुई थी पुलिस की, वहीं राजस्व अमले की टीम पुलिस कर्मियों के साथ मिलकर पांचो आरोपियों के आवास को चिन्हित कर रही थी और उनके राजस्व रिकॉर्ड और पुराने रिकॉर्ड खंगाले जा रहे थे, बुधवार की दोपहर होते-होते पांचो आरोपियों के आवासों को चिन्हित कर लिया गया और स्थानीय एसडीएम अरविंद शाह, नगर पुलिस अधीक्षक राघवेन्द्र द्विवेदी, डीएसपी यातायात मुकेश दीक्षित, तहसीलदार दिव्या ड्रूकसह, टीआई कोतवाली राघवेन्द्र तिवारी, भूपेन्द्रमणि पाण्डेय, थाना प्रभारी सोहागपुर एवं राजस्व एवं अन्य पुलिस अधिकारी और प्रशासनिक अधिकारी दलबल के साथ कल्याणपुर जा पहुंचे, बुधवार की दोपहर को ही पांचो बदमाशों के आवास एक एकड़ गिराया जाना शुरू किए गए, जो देर शाम तक पूरी तरह जमींदोज कर दिए गए।

## राज्यपाल ने संभागायुक्त को किया सम्मानित

### सैनिक कल्याण के लिये संभाग में लक्ष्य से अधिक सहायता राशि हुई संकलित




**शहडोल।** प्रदेश के माननीय राज्यपाल द्वारा शहडोल संभाग में सैनिकों के कल्याण हेतु लक्ष्य से अधिक राशि संकलित करने पर आयुक्त शहडोल संभाग बी.एस. जामोद को ट्राफी एवं प्रसस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी द्वारा यह ट्राफी एवं प्रसस्ति पत्र कलेक्टर कान्फ्रेंस में आयुक्त को सौपा गया। इस अवसर पर सीसीएफ एस.एल. उईके, कलेक्टर अनूपपुर आशीष वशिष्ट, कलेक्टर शहडोल तरूण भटनागर, कलेक्टर उमरिया धरणेन्द्र कुमार जैन, उपायुक्त राजस्व श्रीमती मिनीषा पाण्डेय, संयुक्त आयुक्त विकास मगन सिंह कनेश उपस्थित रहे। आयुक्त श्री जामोद ने कहा कि सैनिक कल्याण हेतु एकत्र किए जाने वाली सहायता राशि भूतपूर्व सैनिकों की विधवाओं, ऐसे सैनिक परिवार जिनके बच्चे प्रतिभाशाली हैं लेकिन आर्थिक अभाव के कारण शिक्षा प्राप्त करने में आर्थिक तंगी महसूस कर रहे हैं अथवा गरीब सैनिक विधवाएं तथा निःशक्त बच्चों के कल्याण के लिए व्यय की जाती है। आयुक्त श्री जामोद ने कहा कि माननीय राज्यपाल द्वारा प्रदान की गई ट्राफी एवं प्रसस्ति पत्र केवल मेरा सम्मान नहीं है, बल्कि सैनिकों के कल्याण के लिए दान करने वाले संभाग के सभी दानदाताओं का सम्मान है। उन्होंने संभाग के तीनों जिले में लक्ष्य से अधिक दान राशि संकलित करने के लिए संबंधित कलेक्टरों के प्रयासों की भी सराहना की तथा कहा कि आगामी समय में और अधिक राशि संकलित कर के हम उन सैनिकों के परिवार की सेवा कर सकेंगे जिन्होंने देश की सेवा में अपना जीवन बिता दिया है।

## एमजीएम विद्यालय के विद्यार्थियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



**शहडोल।** एमजीएम हायर सेकेंडरी स्कूल धनपुरी एवं बोर्ड 2023-24 का वार्षिक परीक्षा परिणाम विगत सोमवार को घोषित किया गया, जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय को गौरवान्वित किया।इस वर्ष कक्षा दसवीं बोर्ड में 75 विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया, जिसमें 73 विद्यार्थियों में सफलता अर्जित की। परीक्षा में 54 छात्रों ने प्रथम 14 छात्रों ने द्वितीय एवं 5 छात्रों ने तृतीय स्थान अर्जित किया। वाणिज्य संख्या में 3 विद्यार्थियों ने प्रथम 4 ने द्वितीय एवं 2 विद्यार्थियों ने तृतीय स्थान हासिल किया। कक्षा 10 के विज्ञान संकाय में कु. नमामी सिंह एवं श्रेया गुप्ता ने संयुक्त रूप प्रथम स्थान 94.2 प्रतिशत, कु. हर्षिता सिंह 94 प्रतिशत ने द्वितीय एवं कु. लक्ष्मी साहू ने 91.8 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान हासिल किया। अर्थशास्त्र संकाय से अथर्व गुप्ता एवं मान्यता डोडानी ने संयुक्त रूप से 85.6 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान, यशिका असवानी 83.4 प्रतिशत के साथ द्वितीय एवं तरुण केवलानी ने 81.8 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान हासिल किया। कक्षा 12वीं वोर्ड विज्ञान संकाय जीव विज्ञान से अनुकल्प मिश्रा ने 75.75 प्रतिशत के साथ प्रथम, जैस्मिन मंसूरी ने 75.50 प्रतिशत के साथ द्वितीय एवं पुष्पांजलि सुनकर ने 75.25 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान हासिल किया एवं गणित समूह से आयुषी सिंह ने 78 प्रतिशत के साथ प्रथम, हसीर अशरफ अंसारी ने 74.25 प्रतिशत के साथ द्वितीय एवं विवेक कुमार मिश्रा ने 65.5 प्रतिशत अंक हासिल करके तृतीय स्थान हासिल किया वही वाणिज्य संकाय से नवप्रीत कौर ने 70.75 प्रतिशत के साथ प्रथम श्रेयश मिश्रा ने 70 प्रतिशत के साथ द्वितीय एवं निमित लखेरा ने हासिल कर द्वितीय स्थान अर्जित किया। विद्यालय में उपलब्धि हासिल करने वाले छात्र-छात्राओं को विद्यालय के प्राचार्य फादर सनी जोसेफ, उप प्राचार्या श्रीमती जॉर्जीना ग्रेस नाग, समस्त शिक्षक गण, विद्यालय प्रबंधन एवं पालक- शिक्षक समिति ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## डीएफओ के आदेश की अवहेलना : उप मंडल-रोकड़ अधिकारी दे रहे प्रबंधक को संरक्षण

### तेंदूपत्ता मजदूरों के बोनस की दो लाख की राशि जांच में हुई प्रमाणित



**जयसिंहनगर।** मामला उत्तर वन मंडल शहडोल के वन परिक्षेत्र जयसिंहनगर का हैं जहा उप वन मंडल अधिकारी जयसिहनगर और रोकड़ अधिकारी के द्वारा लगातार वरिष्ठ अधिकारियों के आदेश की अवहेलना कर प्राथमिक वनोपज समिति जयसिंहनगर के प्रबंधक को संरक्षण दिया जा रहा हैं। गौरतलब हैं कि प्रबंध संचालक जिला लघु वनोपज सहकारी यूनियन मर्यादित उत्तर शहडोल के द्वारा उत्तर वन परिक्षेत्र अधिकारियों एवं प्राथमिक लघु वनोपज समितियो से प्राप्त प्रस्ताव के आधार पर उत्तर वन परिक्षेत्र अधिकारियों को पत्र क्रमांक 866 दिनाक 30/03/2024 को पत्र जारी कर फंडमुंशी नियुक्ति संबंधित सूची जारी की थी, जिसके बाद भी उप वन मंडल अधिकारी मुकुल सिंह और रोकड अधिकारी दशरथ प्रजापति के द्वारा वरिष्ठ अधिकारी के आदेश की अवहेलना करते हुए अब तक प्राथमिक वनोपज समिति जयसिंहनगर के फंड मोहनी-2 में आज दिनाक तक वरिष्ठ अधिकारी द्वारा जारी सूची में फंडमुंशी हेतु तय बोधराम सिंह पिता अनमोल सिंह को नियुक्त नहीं किया। ग्राम पंचायत मोहनी के सरपंच एवं उपसरपंच द्वारा उपवन मंडल अधिकारी को पत्र लिखकर वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा जारी पत्र का उल्लेख करते हुए फंड मोहनी-2 में तेंदुपत्ता संग्रहण 2024 में फंडमुंशी हेतु बोधराम सिंह की तत्काल नियुक्ति करने की मांग की थी। गौरतलब है कि सभी आदेश को अनदेखा कर प्रबंधक धीरेंद्र सिंह कंवर द्वारा उप वन मंडल अधिकारी और रोकड अधिकारी से सांठगांठ कर वरिष्ठ अधिकारियों के आदेश को दरकिनार करते हुए अपने भतीजे गोविन्द सिंह को फण्ड मोहनी क्रमांक-2 सौपकर फड़मुंशी का कार्य करवा रहा है। सूत्रों से मिली जानकारी से प्रबंधक धीरेन्द्र सिंह कंवर से जुडी अनियमित्ताओं की लम्बी सूची है, जो अब जांच के बाद लोगो के सामने आएगी।

## देर से किए गए न्याय का प्रभाव कम हो जाता है: कमिश्नर

### संभाग के राजस्व अधिकारियों की बैठक का हुआ समापन

**शहडोल।** देर से किए गए न्याय का प्रभाव कम हो जाता है पक्षकार को समय पर त्वरित न्याय मिले तथा न्यायालय के निर्णय का प्रभावी क्रियान्वयन हो तभी न्याय से प्रभावित व्यक्ति लाभान्वित होता है। संभाग के सभी राजस्व न्यायालयों के पीठासीन अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि उनके न्यायालय में चल रहे प्रकरणों का समय सीमा में गुणवत्ता के साथ निराकरण हो। यह निर्देश आयुक्त बी.एस. जामोद ने आयुक्त सभागार में आयोजित शहडोल संभाग के राजस्व अधिकारियों की बैठक के दौरान दिए.।रआयुक्त शहडोल संभाग ने कहा कि राजस्व न्यायालयों का संचालन समय पर निवर्तन तथा पक्षकार को समय पर निर्णय उपलब्ध कराना राजस्व अधिकारियों का मूल दायित्व है। उन्होंने निर्देश दिए कि राजस्व न्यायालयों में शत-प्रतिशत निराकरण ऑनलाईन आरसीएमएस में पंजीकृत हों। प्रकरणों का निराकरण समय सीमा में हो पक्षकारों को बार.बार न्यायालय के चक्कर नहीं काटना पड़े। एक वर्ष से अधिक समय से राजस्व न्यायालयों में चल रहे सभी प्रकार के प्रकरणों का निराकरण एक माह के भीतर सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि नामान्तरण सीमांकन बटवारा आदि के प्रकरणों तथा दाण्डिक प्रकरणों का निराकण समय पर हो जाए। कलेक्टर अनूपपुर आशीष वशिष्ट, कलेक्टर शहडोल तरूण भटनागर, कलेक्टर उमरिया धरणेन्द्र कुमार जैन, उपायुक्त राजस्व श्रीमती मिनीषा पाण्डेय, संयुक्त आयुक्त विकास मगन सिंह कनेश, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शहडोल राजेश जैन, अपर कलेक्टर अनूपपुर अमन वैष्णव, अपर कलेक्टर उमरिया शिव गोविन्द मरकाम, संभाग के समस्त एसडीएमए तहसीलदार, नायब तहसीलदार उपस्थित रहे।

## रेस्टोरेंट, होटल, ढाबों पर परोसा जा रहा अमानक स्तर का भोजन

## खाद्य पदार्थों में खुलेआम हो रही मिलावटखोरी



**उमरिया।** जिले की जनपद पंचायत बिरसिंहपुर पाली क्षेत्र में इन दिनों सामाजिक, धार्मिक आयोजनों की भरमार है और मिलावटखोर इसका सबसे अधिक फायदा उठा रहे हैं, तेल, घी में मिलावट कर लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने से नहीं चूक रहे हैं, कई लोग सस्ते दामों के लालच में इन लोगों से मजबूरी में इस प्रकार का तेल, घी खरीद भी लेते हैं, लेकिन इस प्रकार के तेल, घी से बनी खाद्य सामग्री स्वास्थ्य के लिए हानिकारक साबित हो सकती है। खासकर गर्मी के दिनों में तो कई प्रकार की बीमारियां हो सकती है, इसकी जानकारी होने के बाद भी विभागीय अधिकारियों की ओर से कार्यवाही नहीं की जा रही है

### खाद्य विभाग मौन

पाली और घुनघुटी के किराना दुकान व एनएच-43 के बगल पर स्थित रेस्टोरेंट व होटलो में इन दिनों तेल, घी, दूध मावा आदि में खूब मिलावट हो रही है, साबुन बनाने के काम आने वाले घटिया तेल यहां तक की दैनिक जीवन में उपयोग करने वाले मिर्च-मसाले में भी मिलावट होती है, हालांकि मिलावटखोरी पर अंकुश लगाने को खाद सुरक्षा एवं मानव अधिनियम 2006 में उम्र कैद की सजा और 10 लख रुपए तक जुर्माना का भी प्रावधान है, इस सब के बावजूद बाजार में नकली खाद्य पदार्थों की धड़ल्ले से बिक्री हो रही है। असली सरसों के तेल की तरह ही एकदम पीले और चमकीले रंग का यह मिलावटी तेल वकायदा ब्रांडेड कंपनी की बोतल और टिन में रैफर लगाकर उपलब्ध है, तेल माफिया सरसों के तेल में मिलावटी करके जहां लाखों में खेल रहे हैं, तो वहीं जनता लगातार नकली तेल और घी का इस्तेमाल करके लोग पेट की गंभीर बीमारियों से ग्रसित हो रही है, यहां तक की लगातार मिलावटी खाद्य पदार्थ के इस्तेमाल से लिवर डैमेज होने का खतरा कई गुना तक बढ़ जाता है, इस सबके बावजूद भी मिलावटी खाद्य पदार्थ की रोकथाम के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने अभी तक कोई छापेमारी नहीं की है ना कर रही है।

### टीम पहुंचने से पहले गिर जाते हैं शटर

अक्सर देखा जाता है कि जब खाद्य विभाग की टीम जहां भी छापामारी करने पहुंचती है, वहां शिकायत प्राप्त दुकान में छापामार कार्यवाही की जाती है और आसपास के दुकानों की शटर टीम पहुंचने से पहले ही बंद हो जाते हैं, ऐसी स्थिति में इन सब से इंकार नहीं किया जा सकता कि जहां भी टीम छापा मार कार्यवाही करने पहुंचती है, वहां पहले ही सूचना दे दी जाती है, जिससे कि संबंधित दुकान अपनी व्यवस्थाओं को पूरी तरह से दुरुस्त कर ले, देखा जाए तो घुनघुटी ग्रामीण क्षेत्र में कम पढ़े-लिखे और कम जागरूक लोग निवास करते हैं, खाद्य सामग्रियों में विभिन्न प्रकार की सामग्री अब व्यापारियों से ही खरीद कर घर ले जाते हैं और उसका उपयोग करते हैं, सामान खरीदने के दौरान एक्सपायरी डेट ग्रामीण क्षेत्र के लोग नहीं देख पाते, क्योंकि इस ओर उनका ध्यान नहीं जाता, इसके साथ ही जो प्रोडक्ट बाजार में बिक रहा है जरूरी नहीं है कि सील बंद है तो मिलावटीखोरी नहीं है, इसके साथ खुले में बेची जाने वाली खाद्य सामग्री में मिलावट खोरी की अत्यधिक संभावनाएं जताई जाती है। वहीं पाली और घुनघुटी के होटल, ढाबों और किराना दुकानों में हालात ऐसे बन चुके हैं कि हर महीने खाद्य विभाग की टीम को जांच करना चाहिए, लेकिन सेवा शुल्क के चक्कर में टीम की गोपनीय छापामारी गोपनीय ही रह जाती है और जहां विरोध होता है या जहां सुविधा शुल्क नहीं मिलता वहां खुलासा हो जाता है।

इतना भी नहीं ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार बताया जाता है कि भीषण गर्मी में दुकानों से एक्सपायरी व ढाबों पर दो से तीन दिन का खाना भी गर्म करके खिला दिया जाता है, जो जानलेवा साबित हो सकता है, इस पर खाद्य विभाग से कार्यवाही की मांग की गई है।

## खबर संक्षेप

### सड़क हादसे में खलासी की मौत

**उमरिया।** कोतवाली थाना अंतर्गत पिपरिया कालरी में लोडिंग के लिए गए ट्रक के खलासी की हाइवे मार्ग पर अज्ञात वाहन की टक्कर में मौत हो गई है। बताया जाता है कि खलासी मुकेश सिंह निवासी बिंझला थाना पाली उम्र करीब 20 वर्ष निस्तार के लिए पिपरिया कालरी के आगे हाइवे मार्ग पर मौजूद पुल के करीब गया था। इसी बीच अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से वह दूर जा गिरा और उसकी मौत हो गई। घटना के बारे में जानकारी देते हुए प्रत्यक्षदर्शियों ने तत्काल उसे जिला अस्पताल पहुंचाया परन्तु तब तक देर हो गई थी, चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। बताया जाता है कि खलासी कोयला लोडिंग के लिए अपने ड्राइवर के साथ पिपरिया खदान आया था, इसी दौरान सड़क हादसे का शिकार हो गया। बताया जाता है कि मृत खलासी के माता-पिता बचपन में ही गुजर गए थे। वो फिलहाल अपनी नानी के घर रहकर गुजर बसर कर रहा था। अब इस हादसे के बाद वृद्ध नानी के जीविकोपार्जन में भी बड़ा सवाल है।

### नगरीय क्षेत्र में संचालित किया गया स्वच्छता अभियान



**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को विशेश सफाई अभियान संचालित करने के संबंध में दिए गए निर्देश के परिपालन में नगरीय पालिका उमरिया क्षेत्र अंतर्गत नगर में प्रतिदिन स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें शहर के समस्त नाला नाली, सड़क डिवाइडर की सफाई कार्य योजना बना कर की जा रही है।

### लापता हुई नाबालिग पुत्री, शिकायत दर्ज

**कोतमा।** थाना अंतर्गत खमरौध गांव निवासी आनंद राम अगरिया ने 8 अप्रैल बुधवार को थाने में शिकायत दर्ज करवाई की 7 अप्रैल की रात्रि 8 बजे हम लोग खाना खाकर पर्चो में पति-पत्नी सो रहे थे। रात्रि 9 बजे के लगभग जब पेशाब करने के लिए उठे तो देख की उनकी 15 वर्षीय नाबालिग पुत्री घर में नहीं है खोजबीन के बाद भी कहीं पता नहीं चला उन्हें शंका है कि कोई अज्ञात व्यक्ति उसकी नाबालिक पुत्री को बहला फुसला कर अपहरण कर ले गया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध धारा 363 आईपीसी के तहत मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया।

### चलती कार में अचानक लगी आग, बाल बाल बचे सवार

**कटनी।** बस स्टैंड के समीप गत देर शाम एक स्कॉर्पियो में अचानक आग लग गई। गाड़ी में आग लगने के कारण वाहन सवार सभी लोग उतरकर दूर जा खड़े हो गए। गाड़ी से आग की लपटें उठती देख स्थानीय दुकानदारों ने फायर सेफ्टी उपकरण की मदद से तत्काल आग पर काबू पा लिया और एक बड़ी घटना होने से बच गई।

---

### अधिकारी को संयुक्त रूप से भ्रमण कर निर्माण कार्यों के लिए भूमि उपलब्ध कराने दिए निर्देश

# वन एवं राजस्व भूमि के कारण कोई भी निर्माण कार्य रूकना नहीं चाहिए: कमिश्नर

**उमरिया।** सभी निर्माण कार्य समय सीमा में पूरे किए जाएं जिन निर्माण कार्यों में वन या राजस्व विभाग से जमीन वांछित है वह जमीन समय पर संबंधित निर्माण विभाग को उपलब्ध करा दी जाए। निर्माण एजेन्सियों का दायित्व है कि वह समय रहते जमीन के लिए ऑनलाईन आवेदन करें तथा वन, राजस्व एवं निर्माण विभाग संयुक्त रूप से भ्रमण कर जमीन का आवंटन प्राप्त करें। जब तक जमीन आबंटित नहीं हो जाए तब तक निर्माण एजेन्सी संबंधित अधिकारियों के सम्पर्क में रहे। यह निर्देश आयुक्त शहडोल संभाग श्री बीएस जामोद नें आयुक्त सभागार में आयोजित कलेक्टर कान्फ्रेंस में विद्युत मंडल, लोक निर्माण विभाग, जल संसाधन, नगरीय कल्याण विभाग, राष्ट्रीय राजमार्ग, ग्रामीण विकास विभाग, आरआरडीए तथा एमपीआरडीसी एवं राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारियों को दिए।




#### पोर्टल में ऑनलाईन करें आवेदन

आयुक्त श्री जामोद ने कहा कि जनता से जुड़े कार्य भूमि की अनुपलब्धता के कारण लंबे समय तक लंबित रह जाते हैं इसके लिए आवश्यक है कि संबंधित निर्माण विभाग डीपीआर तैयार करने के बाद ही भूमि आबंटन संबंधी आवेदन राजस्व एवं वन विभाग के पोर्टल में ऑनलाईन करें। साथ ही समय-समय पर आने वाली आपत्तियों का भी निराकरण सुनिश्चित कराएं। उन्होंनें एमपीआरडीसी तथा राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारियों को नियमित रूप से कलेक्टर द्वारा आयोजित की जाने वाली बैठकों में शामिल होने के साथ ही निर्मित मार्गों का संधारण करने तथा जमीन संबंधी मुद्दों का जिला स्तर पर निराकरण कराने के निर्देश दिए।

#### इनकी रही उपस्थिति

बैठक में सीसीएफ शहडोल संभाग एसएल उईके, कलेक्टर अनूपपुर आशीष वशिष्ट, कलेक्टर शहडोल तरूण भटनागर, कलेक्टर उमरिया धरणेन्द्र कुमार जैन, उपायुक्त राजस्व श्रीमती मिनीषा पाण्डेय, संयुक्त आयुक्त विकास मगन सिंह कनेश, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शहडोल राजेश जैन, अपर कलेक्टर उमरिया शिव गोविन्द मरकाम सहित तीनों जिलों के वन मण्डलाधिकारी तथा विभिन्न निर्माण विभागों के संभाग स्तरीय एवं जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

---

### मतगणना हेतु मास्टर ट्रेनर्सों को दिया गया प्रशिक्षण

## निष्पक्ष एवं पारदर्शिता के साथ मतगणना का कार्य सम्पन्न कराएं : उप जिला निर्वाचन अधिकारी

**शहडोल।** संयुक्त कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती अमृता गर्ग की उपस्थित में मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय के विराट सभागार में मतगणना प्रक्रिया हेतु मास्टर ट्रेनर्सों को प्रशिक्षण दिया गया। संयुक्त कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती अमृता गर्ग ने मास्ट्रर ट्रेनर्सों से कहा कि मतगणना के कार्य में हमें किसी भी प्रकार की कोई जल्दबाजी नहीं करनी है। हमें शान्ति पूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शिता के साथ मतगणना का कार्य सम्पन्न कराना है। उन्होंने मास्टर ट्रेनर्सों को निर्देश दिए कि आप सभी मतगणना के प्रक्रिया को अच्छी तरह से जान लें एवं अच्छी तरह से प्रशिक्षण प्राप्त कर मतगणना सुपरवाईजर, मतगणना सहायक एवं माइक्रो आर्ब्जबर को प्रशिक्षण देना सुनिश्चित करें। प्रशिक्षण में मतगणना स्थल में प्रवेश करने, मतगणना टेबल पर कर्मचारियों के कर्तव्य, मतगणना अभिकर्ता की नियुक्त की प्रक्रिया, कंट्रोल यूनिट की संम्पूर्ण प्रक्रिया, 17सी से डाटा के मिलान की प्रक्रिया, एड्रेस टैग सत्यापित कर ड्रॉप बॉक्स की सील खोलना, परिणाम ज्ञात लगाना जैसी अन्य आवश्यक प्रक्रियाओं के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान नोडल अधिकारी निर्वाचन प्रशिक्षण आर.एस. गौतम, मास्टर ट्रेनर्स अनिल श्रीवास्तव, पी.के. सालवार सहित अन्य मास्टर ट्रेनर्स उपस्थित रहे।



## निर्माणाधीन मिनी स्टेडियम कृष्ण ताल का कलेक्टर ने किया निरीक्षण



**उमरिया।** खेल और युवा कल्याण जिला उमरिया के निर्माणाधीन मिनी स्टेडियम कृष्ण ताल का कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने निरीक्षण किया एवं आवश्यक दिशा निर्देशा दिए। कलेक्टर ने निरीक्षण में चल रहे निर्माण कार्यों के प्रति गुणवत्ता एवं खेल मैदानों को राष्ट्रीय खेल सघों के मानको के आधार पर तैयार करने तथा खेल मैदानों के बेहतर निर्माण व परीक्षण के लिये खेल विषेषज्ञ खेल एजेन्सी को कन्सलटेंट नियुक्त करने, खेल स्टेडियम में हाईमास्क खेल मैदानों के चारो ओर नाली निर्माण तथा साइड में क्षतिग्रस्त मैदान की उचित मरम्मत करने के साथ खिलाड़ियों को खेलने हेतु बेहतर खेल मैदान तैयार करने व समय पर कार्य पूण करते हुये जल्द से जल्द स्टेडियम पूर्णतः तैयारकर खेल एवं युवा कल्याण कोसौंपने की कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। निरीक्षण में अभी तक किये गये कार्यों को देख उन्हें भी उचित गुणवत्ता के आधार पर तैयार करने निर्देशित किया तथा अच्छे से अच्छी खेल सुविधायें खिलाड़ियां को प्राप्त होने स्टेडियम उमरिया के बैंडबिंटन हॉल में रखी दवाईंयों को भी अन्य उचित स्थान पर रखने की व्यवस्था के लिये सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित करने कहा गया। इसके साथ ही ऑफिसर क्लब रघुवीर बैटबिंटन हॉल तथा खेल परिसर के रख-रखाव व मरम्मत के लिये भी चर्चा की गई। निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतिपाल सिंह महोबिया, सहायक आयुक्त जन जातीय कार्य विभाग अखिलेष पाण्डेय, डिप्टी कलेक्टर हरनीत कौर, अंबिकेश प्रताप सिह, जिलाशिक्षा अधिकारी एस.एस.गौर, डी.पी.सी जिला उमरिया सुशील मिश्रा, परियोजना यंत्री पी.आई.यू. अधिकारी तेकाम, जिला क्रीडा अधिकारी स्कूल शिक्षा विभाग उपस्थित रहे।

## जिला चिकित्सालय का निरंतर निरीक्षण किए जाने अधिकारियो की लगाई गई ड्यूटी

**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने जिला चिकित्सालय में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने हेतु एवं मरीजों को चिकित्सकीय सुविधाएं समय पर बिना किसी परेशानी के उपलब्ध हो, इस हेतु निरंतर प्रतिदिन निरीक्षण किए जाने हेतु मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, अपर कलेक्टर, एसडीएम बांधवगढ, वरिष्ठ कोषालय अधिकारी, डिप्टी कलेक्टरों की ड्यूटी लगाई है। जिनके द्वारा अस्पतालो के वार्डो का प्रतिदिन निरीक्षण किया जाएगा । उन्होंने कहा कि निरीक्षण के दौरान यह देखा जाए कि वार्डो मे धुली हुई बेड शीट, अच्छे बेड , टूटे - फूटे पंलग नहीं हो। व्हीकल चेयर तथा अन्य उपकरण जो मरीजो के देखभाल मे काम आती है वे अच्छे हालत मे हो, बेड मे जंग नही लगी होनी चाहिए। वार्डो के सीलिंग फेन, कूलर, ट्यूब लाईट, स्वीच आदि पर्याप्त संख्या मे और चालू हालत मे हो, ताकि रोशनी की कमी नहीं हो। ठंडे पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था हो। पानी की टंकी की साफ -सफाई अनिवार्य रूप से कराई गई हो। बाथरूम के टायलेट साफ सुथरे हो। टाईल्स टूटी नही हो, बाथरूम मे पानी की सप्लाई चालू हो। शौचालयो की नियमित सफाई हो । दिन मे दो से तीन अस्पताल परिसर की सफाई व्यवस्था की जाए ताकि गुणवत्ता बनी रहे। निरीक्षण के दौरान यह देखा जाए कि मरीजो को मीनू के अनुसार भोजन मिला या नही। बायोवेस्ट के डिस्पोजल पर विशेष ध्यान दिया जाए। डायलिसिस वार्ड में पर्याप्त सुविधा एवं व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा है कि समस्त अधिकारी एवं मेडिकल स्टाफ नियमित उपस्थिति का निरीक्षण करें एवं बिना कारण के अनुपस्थित पाए गए डाक्टर, सपोर्ट स्टा फ के विरूध्द कार्यवाही प्रस्तावित करें। ओपीडी मे डाक्टरो की उपस्थिति निर्धारित समय तक हो, यह सुनिश्चित किया जाए। नियमित रूप से प्रत्येक दिवस डाक्टर व सपोर्ट स्टाफ की ड्यूटी चार्ट सर्व दृष्टया स्थलो में प्रदर्शित किया जाए। प्रत्येक दिवस निरीक्षण करने वाले अधिकारी जिला चिकित्सालय मे संधारित निरीक्षण रजिस्टर मे प्रत्येक दिन निरीक्षण टीप अंकित की जावे तथा पाई गई कमियों को सुधारने के निर्देश भी अंकित करे।

## गोल बाजार हनुमान मंदिर में 5 माह से चल रहा हनुमान चालीसा का पाठ

**भालूमाड़ा।** नगर के गोल बाजार में स्थित प्राचीनतम हनुमान जी के मंदिर में वैसे तो प्रतिदिन पूजा अर्चना भक्तों के द्वारा की जाती है परंतु नगर के जागरूक नवयुवक, कारोबारी, राजनीतिक दलों, से जुड़े नवयुवक जो सदैव सामाजिक कार्यों में आगे रहते हैं इन लोगों के द्वारा राजनीतिक सामाजिक कार्यों के साथ-साथ अपने धार्मिक एवं संस्कार से सरोकार रखना नई पीढ़ी को सामाजिक धार्मिक चेतना का बढ़ावा देने के लिए इनके द्वारा गोल बाजार हनुमान मंदिर में पिछले लगभग 5 माह से हर मंगलवार को सामूहिक रूप से श्री हनुमान चालीसा का पाठ सात बार किया जाता है उसके पश्चात भजन संध्या आरती कर प्रसाद वितरण होता है। इस प्रकार से एक नई चेतना का अग्रसर इन लोगों के द्वारा किया गया है जहां समाज के अन्य व्यक्ति भी इस कार्यक्रम में शामिल हो रहे हैं और सभी लोग युवकों की सराहना भी कर रहे हैं। 21वें मंगलवार को किया गया वृहद रूप से भंडारा मंदिर परिसर में प्रति मंगलवार को श्री हनुमान चालीसा का पाठ का 21वां सप्ताह के अवसर पर इन लोगों के द्वारा बृहद रूप से हनुमान चालीसा का पाठ भजन आरती करते हुए शाम के समय बृहद रूप से भंडारे का आयोजन भी किया गया जहां पूजा अर्चना के पश्चात विधिवत कन्या पूजन करते हुए भंडारे का शुभारंभ किया गया इस कार्य के लिए नगर के लोगों के साथ-साथ व्यापारी समाजसेवी राजनीतिक दलों के जन प्रतिनिधि नगर के वरिष्ठ नागरिक सभी ने सहयोग प्रदान किया। जिसमें मुख्य रूप से रवि करण केवट अरविंद मिश्रा पीयूष सिंह राजू के वट सोनू भैया रोना भैया अनु भैया पार्षद इंद्रलाल जनप्रतिनिधि अजय द्विवेदी बाहुबली सिंह मानवेंद्र मिश्रा रज्जू भैया सहित आसपास के व्यापारी वरिष्ठ जन सभी इस कार्य में सम्मिलित रहे।



## समर कैम्प के तहत जिले भर में दिया जा रहा विभिन्न खेलों का प्रशिक्षण

**उमरिया।** जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी ने बताया कि जिले में ग्रीष्म अवकाश में समर कैम्प चिन्हित स्थलों पर खेल एवं युवा कल्याण विभाग एवं शिक्षा विभाग द्वारा जिले आयोजित जा रहा है। समर कैंप में बडी संख्या मे बच्चे पहुंचकर विभिन्न खेलों का प्रषिक्षण प्राप्त कर रहे है। समर कैंप के तहत शासकीय बालक उमावि कालरी उमरिया, बालिका उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चंदिया स्टेडियम, शासकीय उमावि कौडिया खेल प्रांगण, शासकीय उमावि करकेली खेल प्रांगण, रामलीला मैदान नौरोजाबाद, शासकीय उमावि घुलघुली खेल प्रांगण, शासकीय उमावि अमरपुर खेल प्रांगण, नगर परिषद मानपुर स्टेडियम ग्राउण्ड, शासकीय उमावि बल्हौड खेल प्रांगण, कन्या शिक्षा परिसर पाली खेल प्रांगण, शासकीय उमावि विद्यालय बिलासपुर में बॉलीबाल, हैंडबॉल, हॉकी, क्रिकेट,कबड्डी, फुटबॉल, खो-खो, एथलेटिक्स कराते,सायं कालीन विधाएं वादन, गायन, नृत्य चित्र कला, कूल डाउन एक्सरसाइज, बैटमिंटन का प्रशिक्षण दिया जा रहा है । समर कैम्प में प्रातः 5.30 से 8 एवं सायं काल 4.30 से 7 तक चिन्हित गतिविधियों के साथ सम्पादित की गई। प्रातः 5.30 बजे से 6 बजे तक सामूहिक रूप से योगासन, 6 बजे से 6.30 बजे तक सामूहिक पी.टी., 6.30 बजे से 7.30 तक विधापार खेल के कौसानों का अभ्यास, 7.30 बजे से 8 बजे तक सभी आयोजित खेलों के लिखित तौर पर जानकारी दी जा रही है। शाम 4.45 बजे से 5:5 बजे तक समूहिक वार्मअप, 5.10 बजे से 6.30 बजे तक खेलों पर आयोजन किया जा रहा है। सायं 6:30 बजे से 7 एक्सरसाईस, एवं खेल क्लास कर सामूहिक विसर्जन किया गया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम वादन, गायन, चित्रकला का भी प्रशिक्षण दिया जा रहा है।



---

### खेलकूद के पश्चात खिलाड़ियों को प्रदान किया पौष्टिक आहार

# ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर में बच्चे सीख रहे हैं कई खेलों के गुर



**उमरिया।** ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर में बच्चे शामिल होकर अपने अंदर छिपे हुनर को निखारने पसीना निकाल रहे हैं। शिविर के माध्यम से बच्चों को कई खेलकूद सीखने मिल रहा है। खेलकूद शिविर को लेकर बच्चों में काफी उत्साह है और खुशी-खुशी शिविर में भाग लेकर खेलकूद सीख रहे हैं। ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर में भाग लेकर बच्चे ग्रीष्मकालीन छुट्टियों का भरपूर उपयोग कर खुद को तराशने में जुटे हैं। सुबह से खेल मैदान पहुंचकर प्रशिक्षकों की मौजूदगी में कई खेल सीख रहे हैं, जिससे बच्चों के अंदर खेल का हुनर पैदा हो रहा है। उमरिया जिले के बिरसिंहपुर पाली माँ बिरासिनी खेल मैदान में कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक व खेल एवं युवा कल्याण विभाग जिला अधिकारी प्रतिपाल सिंह महोबिया के निर्देशन व मार्गदर्शन पर युवा टीम उमरिया द्वारा 5 मई से ग्रीष्म कालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जो आगामी 5 जून तक चलेगा। कैम्प में बच्चों को विभिन्न खेलों का प्रशिक्षण कोच द्वारा दिया जा रहा है। शिविर को लेकर बच्चों में भी खासा उत्साह है। बड़ी संख्या में बच्चे हर दिन सुबह यहां खेलों का प्रशिक्षण लेने आते हैं। जिला प्रशासन व युवा टीम द्वारा आयोजित यह शिविर बच्चों के लिए पूर्णतः निःशुल्क है। संयोजक हिमांशु तिवारी ने जानकारी देते हुए कहा कि खेलकूद व विभिन्न विधाओं को संचालित करने के पश्चात समापन के दौरान सभी बच्चों को प्रतिदिन फल व पौष्टिक आहार प्रदान किया जाता है।उन्होंने ने बताया कि बच्चे अक्सर अपना ज्यादातर समय मोबाइल पर बिताने लगते हैं, जो उनके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है। ऐसे में समर कैंप एक बेहतरीन विकल्प है, जहाँ बच्चे ना सिर्फ मोबाइल से दूर अपना ज्यादातर समय खेल, योग और अन्य शारीरिक गतिविधियां करते हुए बिताते हैं बल्कि अब समर कैंप में बच्चों को अच्छा व्यवहार करने से लेकर गुड टच और बैड टच में अंतर करना भी सीख रहे हैं। इस दौरान खेल एवं युवा कल्याण विभाग पाली ब्लॉक कोऑर्डिनेटर रेशम श्याम शर्मा, जिला क्रिकेट एसोसिएशन सह सचिव व कोच नृपेंद्र सिंह, हिमांशु तिवारी, खुशी सेन, राहुल सिंह,श्रीराम तिवारी, सत्यम सेन, ममता सिंह, ज्योति कोल, निखिल सिंह, पूजा बैगा, अदित्य बैगा व अन्य खिलाड़ी उपस्थित रहे।

## मूलभूत सुविधाओं को लेकर मुखर हुये भाजपा मण्डल अध्यक्ष



**कोतमा।** भारतीय जनता पार्टी के मंडल उपाध्यक्ष आशुतोष सराफ ने नगर पालिका क्षेत्र में लोगों की मूलभूत समस्या एवं व्याप्त अनियमितता को लेकर आवाज उठाते हुए सीएम हेल्पलाइन में भी शिकायत दर्ज करवाई है। आशुतोष सराफ ने बताया कि नगर के वार्ड क्रमांक 2 कन्या स्कूल के पास बने महिला एवं पुरुष प्रधान कई महीनो से क्षतिग्रस्त पड़ा था लेकिन नगर पालिका के द्वारा मरम्मत कर नहीं करवाया जा रहा था जिसको लेकर उनके द्वारा कई बार नगर पालिका अधिकारियों से चर्चा की गई उसके बाद उनके द्वारा सीएम हेल्पलाइन में शिकायत भी दर्ज करवाई गई लेकिन अभी भी महिला एवं पुरुष प्रधान का मरम्मत कार्य अधूरा पड़ा हुआ है जबकि यह सुलभ शौचालय मुख्य बाजार में स्थित है और 24 घंटे लोगों का आना-जाना बना रहता है। महिला एवं पुरुषों को प्रधान जाने के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नगर पालिका प्रशासन की लचर व्यवस्था के कारण आमजन को इसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है।

#### डेम में जा रहा गंदा पानी

भारतीय जनता पार्टी के मंडल उपाध्यक्ष आशुतोष सराफ ने बताया कि पूर्व में उनके स्वर्गीय पिता राजेश सोनी के द्वारा वार्ड क्रमांक चार के गरीब बस्ती में निवास करने वाले लोगों को सुविधा देने के उद्धेश्य से वार्ड क्रमांक 4 मं केरहा नाला में डैम का निर्माण करवाते हुए घाट बनवाया गया था जिससे गरीब तपके के लोगों को निस्तार एवं नहाने की सुविधा मिल सके ।साथ ही डैम के अंदर जाने के लिए लोहे के दरवाजे का गेट भी लगवाया गया था की कोई सामाजिक तत्व रात्रि में यहां प्रवेश न कर सके। इसका उपयोग प्रतिदिन गरीब तपके के लोग नहाने कपड़ा धोने एवं निस्तार करते हैं लेकिन नगर पालिका प्रशासन की उदासीनता के कारण इस नाले में नगर के घरों से निकलने वाले गंदे पानी को सीबर लाइन के माध्यम से केरहख डैम मैं गिराया जा रहा है। वर्तमान में केरहा डैम में सीवर का पानी जाने के कारण आमजन को परेशानी एवं गंदे पानी में निस्तार करना पड़ रहा है। डैम में भी गंदगी फैली हुई है इस गंदगी के बीच गरीब तपके के महिला बच्चे पुरुष प्रतिदिन निस्तार करते हैं स्नान करते हैं कपड़े धोते हैं ।डैम के अंदर जाने वाले में गेट को भी असामाजिक तत्वों के द्वारा तोड़ दिया गया है एवं रात्रि में वहां पर बैठकर शराब का सेवन करते हुए सामाजिक गतिविधियों को अंजाम दे रहे हैं। उनके द्वारा डैम की गंदगी की साफ सफाई करवाई जाने को लेकर सीएम हेल्पलाइन में शिकायत भी की गई है। उन्होंने जिले के वरिष्ठ अधिकारियों एवं नगर पालिका प्रशासन से डैम की गंदगी की साफ सफाई एवं सीवर लाइन के गंदे पानी को रोकने जाने की मांग की है।

**खबर संक्षेप**

## देवलोंद मे भव्य तरीके से मनाई जाएगी परशुराम जयंती

**वाणसागर।** क्षेत्र के अंतर्गत हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भगवान परशुराम की जयंती 10 म ई को वाणसागर- में मनाई जाएगी इसके तहत कई कार्यक्रम होंगे सबसे पहले सुबह पैरेंट्स प्राईड स्कूल बाणसागर से कार्यक्रम की शुरुआत होगी वहां से शोभा यात्रा 9:00 बजे निकल जाएगी जो आशा ज्योति स्कूल होकर के नगर भ्रमण करेगी शोभा यात्रा का समापन पैरेंट्स प्राईड सेंट्रल अकैडमी इंटरनेशनल स्कूल देवलोंद में समापन होगा जहां बड़े बुजुर्गों का सम्मान किया जाएगा कार्यक्रम के संबंध में जानकारी देते हुए रामबरन पांडे तूफानी ने बताया कि कार्यक्रम का संयोजक अवधेश वाजपेई को बनाया गया है कार्यक्रम में सभी विप्र बंधुओ से शामिल होने की अपील की गई है।

## मस्ती की पाठशाला का हुआ शुभ आरम्भ

**रीवा।** नगर पालिक निगम रीवा द्वारा आयोजित मस्ती की पाठशाला (समर कैंप) पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी शुरू हो गया है। समर कैंप का आयोजन 6 मई से प्रारंभ होकर 14 जून 2024 तक स्वागत भवन के पास, नगर निगम स्कूल रीवा में किया जा रहा है, समर कैंप का समय सुबह 8 बजे से सुबह 11 बजे तक रहेगा। समर कैंप में पंजीकृत बच्चों को मनोरंजन के साथ-साथ शैक्षिक और शारीरिक गतिविधियों का अनुभव करने का मौका मिल रहा है। कैम्प में बच्चों द्वारा आर्ट एण्ड क्राफ्ट, पेंटिंग, गायन एवं संगीत, डांस, मार्शल आर्ट एवं शतरंज आदि में भाग लेकर काफी उत्साहित दिखे। समर कैंप में जिन बच्चों की आयु 5 वर्ष से 14 वर्ष के बीच होगी भाग ले सकते हैं। मस्ती की पाठशाला (समर कैंप) में पंजीयन के लिए शुल्क राशि 200 रुपए है, जबकि बीपीएल परिवारों के लिए यह सुविधा निःशुल्क है। पंजीयन हेतु नगर पालिक निगम रीवा, मुख्य कार्यालय कक्ष क्रमांक 28 में दोपहर 12 बजे से शायं 5 बजे तक में सम्पर्क किया जा सकता है। अब तक 68 बच्चों का पंजीयन कराया जा चुका है। निगम आयुक्त संस्कृति जैन द्वारा अभिभावको से अपील की गई है कि समर कैम्प में पंजीयन कराकर अपने बच्चों को इस रोमांचक अनुभव का लाभ उठाने का मौका दें सकते है।

## अपर कलेक्टर ने उपार्जन केन्द्र का किया निरीक्षण

**रीवा।** अपर कलेक्टर मऊगंज अशोक कुमार ओहरी द्वारा मऊगंज जिले के उपार्जन केंद्र विछरहटा का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर ने कि किसानों को उपार्जन केंद्र में किसी भी प्रकार की समस्या नहीं होनी चाहिए तथा समीक्षा आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित करायें। उन्होंने उपार्जन केंद्र की व्यवस्थाओं के संबंध में उपस्थित किसानों से चर्चा की। उपार्जन केंद्र प्रभारी और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गये कि इस बात का विशेष ध्यान रखें की कोई भी किसान परेशान न हो, साथ ही उपार्जन केंद्र में आवक का आकलन कर पर्याप्त वारदाना की व्यवस्था बनाए रखें। भंडारण व परिवहन व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश भी दिए गए। मौसम की खराबी को ध्यान में रखते हुए खुले आसमान के नीचे पड़े अनाज की सुरक्षा के लिए पर्याप्त मात्रा में तिरपाल और अन्य साधन की भी उपलब्धता बनाए रखें।

## छात्रवृत्ति का शत प्रतिशत सत्यापन कराया जाय

**रीवा।** जनजातीय कार्य तथा अनुसूचित जाति कल्याण विभाग अन्तर्गत अनुसूचित जाति/ जनजाति पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के तहत प्राप्त आवेदनों के सत्यापन एवं स्वीकृति की कार्यवाही संबंधित प्राचार्य द्वारा किये जाने के निर्देश दिये गये हैं। किन्तु पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के शैक्षणिक सत्र 2023-24 एवं पूर्व वर्षों के लंबित नवीन एवं नवीनीकरण ऑनलाइन आवेदनों का शत- प्रतिशत वेरिफिकेशन / स्वीकृति नहीं की गई। जिला संयोजक ने बताया कि शत-प्रतिशत लंबित आवेदनों का सत्यापन कर लंबित छात्रवृत्ति का भुगतान करने के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी को दिये गये थे, किन्तु शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं से उक्त वर्ग के विद्यार्थियों को लाभांवित होने से वंचित रखा गया है।

# कोयलांचलवासियों को रुला गया 8 घंटे का ब्लैक आउट

## मेंटेनेंस के नाम पर धोखा कभी भी हो सकता है गंभीर



नगर में बिजली व्यवस्था के बदहाल है। भीषण गर्मी के मौजूदा दौर में हवा पानी बौछार पड़ने पर ही बिजली दुम दबा लेती है। भीषण गर्मी और लाइट बंद होने पर हमें चार दशक पूर्व की नगर की स्थिति याद आती है।





**धनपुरी।**

कहीं दूर टिमटिमाती रोशनी देखने को मिलता इसी तरह का नजारा धनपुरी में देखने को मिला और लोगो ने घरों, छतो में मच्छरदानी की याद दिला दी। उबल गई जनता मेन रोड के किनारे किनारे लगाए गए पेड़ों के गिरने से खंभों विद्युत सप्लाई बाधित हो जाती है और कई घंटों बिजली गुल रहती है, ऐसी ही घटना धनपुरी- बुढार ग्रामीण अंचलों में देखने को मिला कि मंगलवार 7 मई को दोपहर 3 बजे अचानक आकाश में बादल दिखने लगे और देखते ही देखते तेज ठंडी हवाओ के साथ पानी फुब्बारे से तरवतर कर 5 मिनट मे तेज हवा और पानी चला गया लेकिन साथ में बिजली भी चली गई जो लगभग 8 घंटे बिजली बाधित रही। बताया जाता है कि दोपहर 3 बजे से बिजली बंद हुई फिर आधी रात को बिजली लोगों को मिला इस भीषण गर्मी से जहां लोगों 8 घंटे बिजली बाधित होने के चलते लोगों को परेशान कर दिया। वहीं बिजली बंद होने के चलते घरों में पानी की सप्लाई प्रभावित हुए बिजली से चलने वाले मशीन बंद होने से बिजनेस भी प्रभावित हुई। तारों का मकड़जाल कुछ दिनों पूर्व कंपनी द्वारा मेंटेनेंस किया भी गया लेकिन वार्ड में कई खंभों पर जाल सा बना हुआ है। साथ ही कई वाडो व दुकानों के ऊपर बिजली के तार बड़ी संख्या में देखे जा सकते है। उन्हें नहीं हटाया गया यदि यहां स्पार्किंग हुई तो वहां आग लगकर केवल जल सकती है। इसके बाद भी कर्मचारी द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया जाता। साथ ही मेंटेनेंस के बाद भी हल्की हवा यह बूंदाबांदी होते ही शहर में बिजली गुल हो जाती है। ग्रामांचल में बदहालीनगर सहित ग्रामीण क्षेत्र का भी यही हाल है जहां सही तरीके से मेंटेनेंस ना होने के कारण आए दिन शॉर्ट सर्किट होने से बिजली गुल हो जाती है। हवा आंधी का दौर प्रारंभ होते ही बिजली व व्यवस्थाओं की पोल खुल गई। नगर में दिन में कई बार बिजली सप्लाई बाधित हो रही है। अभी पूरी तरह मानसून भी नहीं हुआ है और भी बिजली व्यवस्था के हाल बुरे हो रहे हैं। ऐसे में मानसून के पूर्व किए जाने वाला बिजली मेंटेनेंस पर भी सवाल खड़े होते है। इसे आगामी समय में यह समस्या और अधिक गहरा सकती है। जानकारी के अनुसार मानसून को लेकर कंपनी द्वारा बिजली सप्लाई की तकनीकी खामियों को दूर करने के लिए प्री मानसून मेंटेनेंस कराया जाता है। लेकिन बारिश प्रारंभ हो चुकी है, बार बार लाइट का जाना मेंटेनेंस की कमी को दर्शाता है। आंधी बारिश होते ही लाइट चली जाती है और लोग परेशान होते हैं, अभी बारिश शुरू भी नही हुई है और प्री मानसून में ही थोड़ी हवा चलने पर लाइट चली जाती है। जो घंटो बाद नही आती ऐसे में गर्मियों में परेशानी का कारण बनता है। नही हो पाता सम्पर्क कुछ वर्ष पूर्व बिजली व्यवस्था अच्छी कर दी गयी थी, यदि किसी कारणवश बिजली चली भी जातीं तो विभाग द्वारा सक्रियता से काम करता था, उस दौरान किसी को इन्वेंटर व जनरेटर की जरूरत नही पड़ी।



# नपा परिषद ने चलाया विशेष साफ सफाई अभियान

**बुढ़ार।** नगर को स्वच्छ एवं साफ रखने के उद्देश्य से एवं स्वच्छता अभियान को लेकर बुधवार को नगर परिषद का अमला नगर के गलियों एवं नालों, नालियों की साफ-सफाई को लेकर विशेष अभियान के तहत वार्ड क्रमांक 1 एल आई सी रोड़ में नगर परिषद के कामगारों के अमले साथ किया गया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि शहडोल संभागायुक्त बी एस जामोद के द्वारा बैठक में दिये गये निर्देश के परिपालन में 08 मई को मुख्य नगर पालिका अधिकारी शिवप्रसाद धुर्वे के मार्गदर्शन में निकाय के वॉर्ड क्रमांक 01 में सड़को नालियों की साफ़ सफ़ाई कार्य कराया गया उक्त अभियान में सौरभ श्रीवास्तव सहायक वर्ग 01 ,स्वच्छता पर्यवेक्षक सुश्री रागिनी चुहटेल, राधिका प्रसाद तिवारी एवं समस्त सफाई संरक्षकों की सराहनीय भूमिका रही।

# उपेक्षा और अव्यवस्था का शिकार सिलपरी

## नपा का दर्जा पाने नगर में मिला तो लिया लेकिन बदहाली दूर न हुई








**धनपुरी।**

नगर पालिका का नया वार्ड क्रमाक 26 आदिवासी वाहुल्य होने के चलते अन्य वाडो विकाश मे काफी पीछे है जो मूलभूत सुविधाओं के नाम पर गांव से भी बदतर देखा जा जा रहा है इस वार्ड में लगभग 100 आदिवासी परिवार निवास रत हैं कहने को तो शहरी क्षेत्र से जुड़ा हैं व्यवस्था गांव से भी बदतर नगर पालिका क्षेत्र सिलपरी वार्ड में समस्या देखी जा रही है जो हैंड पंप से मुर्चा पानी निकल रहा है पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सफाई की समस्या बनी हुई है।वार्ड नंबर 26 आदिवासी बाहुल्य वही नगर पालिका वार्ड नंबर 1-2 धनानंड वार्डों में गिना जाता है जहां लोगों को सर्व सुविधा युक्त देखा जा रहा है वहीं आदिवासी बहुल्य वार्डों में लोगो को योजनाओ का लाभ न सुविधा मिलनी चाहिए वह भी ठीक से नही मिल रहा है। आखिर उनकी समस्या कौन सुनेगा और कब हाल होगा।

नगर पालिका धनपुरी क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 26 सिलपरी में नगर पालिका द्वारा जो पानी सप्लाई की जाती है। जंगल दफाई से पानी की सीधी सप्लाई पाइप लाइन के माध्यम से सिलपरी पहुंचाया जाता है जिसे शुद्ध करने के लिए कोई कोई व्यवस्था नहीं की गई है खदान का पानी लोगों के घरों तक पहुंचता है वार्ड वासियों का कहना है कि पानी सप्लाई समय सीमा नहीं है किसी समय भी पानी सप्लाई की जाती है पानी को लेकर वार्ड वासी नल के पास घंटों बर्तन लेकर बैठे रहते हैं तब कहीं पानी मिलता है वार्ड वासी नगर पालिका पानी सप्लाई पर ही निर्भर है।सिलपरी में 7 हैंडपंप लगाए गए थे जिसमें 2-3 ही हेंड पंप चालू है जिसका पानी का निस्तार के लिए उपयोग ने लिया जाता है सबसे अधिक हैंड पम्म का उपयोग होता था 4-5 हैण्ड पंप वर्षो से खराब बिगडे हुए है इसलिए वार्ड में और पानी की समस्या गंभीर बनी हुई है सिलपरी में तीन कुए हैं जो पूरी तरह से सूखे गंदगी पट भट्ट गए है। नगर पालिका के द्वारा कभी साफ सफाई नहीं कराया गया जिसके कारण जल स्तर नीचे चला गया और कुआं सूखा पड़ा हुआ है नगर पालिका कुऐ की साफ सफाई नही की जाती है। इसी तरह से नगर पालिका के आदिवासी बहुल्य वार्डों में वार्ड नंबर 28 डुढहा टोला, वार्ड 1 एक हाथी डोल बस्ती में पानी की समस्या गर्मी के दिनों में अधिक देखी जाती है।

# अंतराष्ट्रीय रेडक्रास दिवस मनाया गया





**रीवा।**

अन्तराष्ट्रीय विश्व रेडक्रॉस दिवस के उपलक्ष में आज भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी रीवा द्वारा संचालित पितामह सदन वृद्धाश्रम में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। चेयरमैन रेडक्रास सोसायटी डॉ. प्रभाकर चतुर्वेदी ने सर हेनरी डयूनाट के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में अपोलो हॉस्पिटल के वरिष्ठ चिकित्सकों द्वारा वृद्धआश्रम में निवासरत सभी वृद्धजनो का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया एवं उचित सलाह देकर दवाइयां निःशुल्क वितरित की गई। इस अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन भी किया गया। संगोष्ठी में भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी के सचिव डॉ. विनोद श्रीवास्तव द्वारा रेडक्रॉस के जनक सर हेनरी डू नॉट के जीवन पर प्रकाश डाला गया एवं कार्यक्रम की प्रस्तावना रखी गयी। चेयरमैन डॉ प्रभाकर चतुर्वेदी ने रेडक्रॉस के जिले भर मे चल रहे समस्त गतिविधियों और किए गए कार्यों के विषय में जानकारी देते हुए पीड़ति मानव को सेवा, सहानुभूति, प्रेम एवं सदभाव को महत्व देते हुए रेडक्रॉस दिवस की बधाई दी। वाइस चेयरमैन ए के खान द्वारा आभार ज्ञापित किया गया। रेडक्रॉस के आजीवन सदस्यों का नई दिल्ली सेंट जान एंबुलेंस से आए हुए प्रमाण पत्रों का वितरण किया गया। अपोलो स्पेक्ट्रा हॉस्पिटल के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. सोनाली, डॉ.पवन तिवारी. सहायक पुष्पेंद्र, वंदना, साक्षी, ने अपना सहयोग देकर स्वास्थ्य शिविर को सफल बनाया। कार्यक्रम में भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के सदस्य डॉ. एसके श्रीवास्तव,भारती शर्मा, डॉ. सत्या तिवारी, सीमा श्रीवास्तव, एसडीएम त्रिपाठी, संयोजक एलएलसी, ममता सिंह, कुसुम सिंह, सुरेश देवगन, नीरज सिंह, डॉ. सुरेंद्र सिंह, पियूष मिश्रा,संजय शुक्ला एवं अशोक श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

# राजीनामा से बरी होने वाले आरोपियों के प्रकरणों का विवरण दें

## न्यायालय में बयान बदलने वालों पर वैधानिक कार्यवाही करें - आईजी

**रीवा।** कमिश्नर कार्यालय में अनुसूचित जाति जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत गठित संभागीय सलाहकार समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कमिश्नर गोपाल चन्द्र डॉड ने कहा कि अधिनियम के प्रावधानों को पूरी संवेदनशीलता के साथ लागू करें। अत्याचार से पीड़तिों को राहत देने के साथ-साथ आरोपियों को सजा दिलाने के भी प्रयास करें। प्रकरणों की सुनवाई में आने वाले पीड़तिों तथा गवाहों को विशेष लोक अभियोजक उचित मार्गदर्शन और सलाह दें। जिससे वे न्यायालय में अपना पक्ष मजबूती से प्रस्तुत कर सकें। आगामी बैठक में राजीनामा से बरी होने वाले आरोपियों के प्रकरणों की जानकारी प्रस्तुत करें। कमिश्नर ने कहा कि राहत राशि वितरण के लिए सभी जिलों में आवंटन का अभाव है। राहत राशि के वितरण के लिए राशि आवंटन का तत्काल प्रस्ताव शासन को भेजें।
कमिश्नर ने कहा कि अनुसूचित जाति एवं जनजाति के कल्याण के लिए संचालित योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करें। अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत दर्ज प्रकरणों में सुनवाई के लिए आने वाले पीड़तिों तथा गवाहों को मजदूरी, बस किराया तथा आहार व्यय की राशि अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराएं। उपायुक्त सभी पुलिस अधीक्षकों को इस मद में राशि आवंटित करें। ट्राईबल



विभाग के सभी जिला अधिकारी साप्ताहिक समीक्षा बैठक में राहत राशि से जुड़े जाति प्रमाण पत्रों की सूची कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत करें। कलेक्टर पीड़तिों को तत्काल जाति प्रमाण पत्र जारी कराकर राहत राशि मंजूर करें। उपखण्ड स्तर पर गठित सलाहकार समिति की नियमित बैठक आयोजित करें। बैठक में आईजी एमएस सिकरवार ने कहा कि रिपोर्ट दर्ज कराने के बाद न्यायालय में बयान बदलने वाले फरियादियों के विरूद्ध निर्धारित प्रावधानों के तहत वैधानिक कार्यवाही करें। सभी पुलिस अधीक्षक तथा एडीपीओ अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत दर्ज प्रकरणों की हर माह समीक्षा करें। बैठक में डीआईजी साकेत पाण्डेय, कलेक्टर रीवा श्रीमती प्रतिभा पाल, कलेक्टर सतना अनुराग वर्मा, कलेक्टर सिंगरौली चन्द्रशेखर शुक्ला, कलेक्टर सीधी स्वरोचिष सोमवंशी, कलेक्टर मऊगंज अजय श्रीवास्तव, कलेक्टर मैहर रानी बाटड, सभी जिलों के पुलिस अधीक्षक, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, लोक अभियोजक, डीएसपी अजाक विवेक लाल तथा जिला संयोजक उपस्थित रहे। फोटो क्रमांक 04 संलग्न है।

# *शहडोल रेत माफिया द्वारा एएसआई के ऊपर ट्रैक्टर चढ़ाने की घटना के बाद जागा रीवा खनिज विभाग*

## जवा तहसील से होती है अवैध रेत निकासी

**रीवा।**

जिले में मध्य प्रदेश उत्तर प्रदेश की सीमा से लगे जवा इलाके में खुलेआम रेत का अवैध उत्खनन होता है। शहडोल जिले में दो मौतों के बाद शासन द्वारा खनिज माफियाओं के ऊपर कारवाई करने के निर्देश दिए गए हैं रीवा जिला प्रशासन के टेंडर अनुमति के बिना खुलेआम रेत माफियाओं द्वारा अवैध रेत का परिवहन किया जा रहा है।

मध्य प्रदेश उत्तर प्रदेश की सीमा में जवा के पास टमस नदी घाट, भडरा ,कोनी ,जोन्हा ,गाढ़ा 138 गोहटा, पथरौडा, बूची ,भूनगाव ,चांदी सहित अन्य घाटों में खुलेआम अवैध रेत का उत्खनन किया जाता है।



इस बात की जानकारी खनिज विभाग के पास भी है कार्रवाई करने पर नाम पर समय-समय पर खनिज विभाग द्वारा कुछ वाहनों को पड़कर खड़ा भी करवाया जाता है। लेकिन फिर भी बिना किसी कार्यवाही के वाहन आराम से रिलीज हो जाते हैं।

खानापूर्ति के नाम पर खनिज विभाग द्वारा जनता को दिखाने के लिए करवाई तो की जाती है किंतु रेत माफिया मानने को तैयार नहीं है उसके बावजूद अवैध बालू उत्खनन के साथ अवैध गिट्टी, अवैध परिवहन दिन-रात होता है। खुलेआम ट्रैक्टर हाइबा , मध्य प्रदेश उत्तर प्रदेश की सीमा पर लगातार आते-जाते रहते हैं इन पर कोई भी ठोस कार्यवाही नहीं होती यह एक सवाल है जिसका जवाब कोई भी देने के लिए तैयार नहीं।

हालांकि शहडोल जिले मे हुए हत्याकांड के बाद रीवा जिला खनिज विभाग कार्यवाही करने की बात कह रहा है।

### इनका कहना है

जवा तहसील अंतर्गत अवैध रेत खनन का मामला संज्ञान में ग्रामीणजनो के द्वारा आया है जिसकी जांच की जाएगी एवं कलेक्टर मैडम और एसपी साहब को भी अवगत करा दिया गया है जिसके ऊपर वैधानिक कारवाही की जाएगी।

**दीपमाला तिवारी जिला खनिज अधिकारी रीवा**

# ठेकेदार ने सड़क को खोदकर किया सत्यानाश स्थानीय लोगों का घर से निकलना हुआ दुश्वार

## नगर निगम की मेहरबानी से सहज कंट्रक्शन कंपनी की मौज

**रीवा।** रीवा जिले के शहर की चर्चित विंध्य विहार कॉलोनी का हाल इन दिनों बेहाल चल रहा है। नगर निगम के ठेकेदारों द्वारा किए गए निर्माण कार्यों ने जनता का जीना मुश्किल कर दिया है कम कार्य में अच्छा मुनाफा कमाने में रीवा नगर निगम के ठेकेदारों ने महारत प्राप्त करके रखी है मुनाफा कमाने के चक्कर में निर्माण कार्यों को भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा रहे हैं। विंध्य बिहार कालोनी में सीवर लाइन बनाने वाली सहज कंस्ट्रक्शन कंपनी ने कालोनी के रोड की ये हालत कर दी है की रोड से दो व चार पहिया वाहन निकलना बड़ी मुस्किल काम हो गया है ठेकेदार ने पहले सीवर लाइन की



पाइप लाइन डालने के लिए सीमेंट सड़क को खोदा गया था। सड़कों की अभी तक मरम्मत का कार्य पूरा नहीं हो पाया है। अब चैंबर बनाने के लिए दोबारा सड़क को बीच में से खोद दिया गया। चैंबर बनाने के बाद मलबे को अभी तक नहीं हटाया है। सीवर लाइन बनाने वाले ठेकेदार ने सीवर लाइन की पाइप तो डाल दी पर अच्छी खासी रोड के चिथड़े उड़ा दिए । इसके बाद ठेकेदार ने मिट्टी डालकर नगर निगम में कार्य को पूर्ण दिखाकर रफू चक्कर हो गया। अब कॉलोनी के निवासियों का घर से निकलना मुश्किल हो गया है। हाल मे ही बुधवार के दिन कॉलोनी के एक स्थानीय निवासी के घर पर चल रहे निर्माण कार्य के लिए मंगाई गई भारी वाहन में सामग्री घर तक पहुंची ही नहीं उसके पहले ही कॉलोनी के अंदर घुसते ही बीच रोड में धस गई। हाईवा वाहन सवार चालक ने वाहन से कूद कर अपनी जान बचाई।आसपास से गुजरने वाले लोगों के ऊपर भारी वाहन पलटते पलटते बचा। एक बड़ी दुर्घटना घटित होते-होते रह गई। नगर निगम के जिम्मेदार अधिकारी अपने आंख में पट्टी बांधकर अपने कार्यालय में एसी की हवा खाते हुए आराम फरमा रहे हैं।वही जनता इन गैर जिम्मेदार ठेकेदारों से त्रस्त हो चुकी है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि सीवर लाइन की खुदाई करने वाली कंपनी सहज कंस्ट्रक्शन कंपनी के गुणवत्ता विहीन कार्यों से परेशान होकर हम लोगों ने कई बार नगर निगम के छोटे स्तर के अधिकारियों से लेकर बड़े स्तर के अधिकारियों तक शिकायत किया लेकिन उसके बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हो रही है बरसात आने वाली है बरसात के चालू होते ही हम लोगों को घर से निकलना भी मुश्किल हो जाएगा।

## खबर संक्षेप



### डोला नगर इंटक कमेटी के अध्यक्ष बने बिजेन्द्र मिश्रा

**अनूपपुर।** मजदूर संगठन इंटक अब उद्योग से बाहर निकल कर ग्रामिण व नगरीय क्षेत्रों में अपना रूझान करते हुये अनूपपुर जिले कोयलांचल नगरी डोला नगर परिषद में मजदूरों के हित में काम करने के लिये अपने कार्यकर्ता की टीम तैयार कर उसका कमान नगर इंटक कमेटी अध्यक्ष बिजेन्द्र मिश्रा को सौपा है। जानकारी के मुताबिक राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस (इंटक) के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. जी. संजीवा रेड्डी के मंशानुसार एवं मध्यप्रदेश इंटक के अध्यक्ष आर.डी. त्रिपाठी के निदेर्शानुसार अनूपपुर जिला इंटक अध्यक्ष बालेन्द्र सिंह परिहार के अनुशंसा पर मध्यप्रदेश इंटक के सचिव विक्रमा सिंह ने बिजेन्द्र मिश्रा ऊर्फ पंकज को डोला नगर परिषद में नगर इंटक कमेटी का अध्यक्ष नियुक्त किया साथ ही डोला नगर परिषद कमेटी का विस्तार भी कर दिया। जिसमें उपाध्यक्ष पद पर नानसाय विश्वकर्मा, ज्ञानचन्द खरवार, नीलेश कटारे, बृजनन्दन वर्मा और महामंत्री पद पर राहुल सिंह चंदेल, विनय शंकर दुबे, रामजी आवन ऊर्फ मंजू मिस्त्री, कुंजन प्रसाद वर्मा कोषाध्यक्ष पद पर जगदीश खरवार वही सचिव पद पर दीपक पनिका, राजदेव टप्पो, अभिषेक सिंह, दमन विश्वकर्मा एवं संगठन पद पर मंत्री मन सिंह मिस्त्री, अनपूर्ण कोल, संतोष यादव, राकेश महरा सहित कार्यकारणी सदस्य में शारदा मरावी, सिरवन सिंह, हेमन्त सिंह/गुलाब सिंह, उपेन्द्र पाण्डेय, तेज बली /हरीलाल, देव प्रकाश पनिका, लालकोल/टहला कोल, रामकरण /बुद्धसेन, रविशंकर सिंह/ केशवसिंह, अनिल कुमार सिंह /केशर सिंह, पूरन प्रसाद कोल, त्रिलोकी प्रसद, काली चरण कोल, लालू प्रजापति आदि को शामिल किया है।

### पत्रकार बीजू थॉमस ने किया रक्तदान



**अनूपपुर।** पीडित मानवता की सेवा के लिए रेड क्रॉस दिवस 8 मई के अवसर पर जिला चिकित्सालय अनूपपुर में आयोजित रक्तदान शिविर में पहुंचकर स्वप्रेरणा से सामाजिक कार्यकर्ता तथा डिजिटल माध्यम से कार्टून/ डिजिटल लघु फिल्म के माध्यम से संदेश देने वाले पत्रकार बीजू थॉमस द्वारा रक्तदान किया गया। उन्होंने रक्तदान करते हुए कहा कि रक्तदान जीवन का महादान है। मानव खून का कोई विकल्प नहीं है। हम एक यूनिट ब्लड दान कर किसी की जान बचा सकते है। इसलिए हर स्वस्थ व्यक्ति को रक्तदान जैसे पुनीत काम में सहभागी बनना चाहिए। श्री थॉमस ने अन्य लोगों से भी रक्तदान कर मानवता की मिसाल पेश करने की अपील की है इस अवसर पर श्री थॉमस को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### मारपीट की शिकायत पर नपे उपनिरीक्षक

**अनूपपुर।** नाबालिग लड़के को जबरन थाना लाकर उसके साथ मारपीट एवं गाली गलौच किए के मामले में नाबालिग के पिता कमलेश यादव निवासी ग्राम सीतापुर द्वारा की गई शिकायत के बाद बुधवार को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक इसरार मन्सूरी ने थाना कोतवाली में पदस्थ उपनिरीक्षक मंगला दुबे को निष्पक्ष जांच के लिए लाइन ड्यूटी हेतु पुलिस लाइन अनूपपुर रवाना किया गया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक इसरार मन्सूरी ने बताया कि थाना कोतवाली में पदस्थ उपनिरीक्षक मंगला दुबे के खिलाफ गत दिनों पीडित के पिता द्वारा की शिकायत में कहा गया था कि 26 अप्रैल की रात उपनिरीक्षक मंगला प्रसाद दुबे, प्रधान आरक्षक शेख रसीद, महेन्द्र राठौर, मनोज गुर्जर एवं वाहन चालक दिनेश पाटिल मेरे घर पहुंच कर कहा कि एसडीओपी अनूपपुर सुमित केरकेट्टा ने तुम्हारे घर में रखी रेत के जप्ती की कार्यवाही हेतु भेजा है, जिसके बाद गाली गलौज करने लगे, जिसका वीडियो मेरा पुत्र बना रहा था, जैसे वीडियो बनते पुलिस वालों ने देखा तो मेरे पुत्र का मोबाइल छुड़ा लिया तथा उसके साथ मारपीट करने लगे।



# शराब माफिया के आगे बेबस पुलिस और आबकारी

**जिले भर में संचालित है अवैध शराब के ठीहे**

**मनमानी कीमत पर बिक रही शराब, कहीं भी नहीं चस्पा रेट**

जहां प्रदेश की सरकार अवैध शराब पर शिकंजा कसने के दावे करते दिखाई दे रही है, वही जिले में शराब माफिया की ताकत को बढ़ने से कोई रोक नहीं पा रहा है, जिले भर में दोगुनी ताकत से अवैध शराब का कारोबार खुलेआम फैलता जा रहा है।

**मुख्यमंत्री सहित जिले के पुलिस कप्तान की मंशा पर विभाग फेर रहा पानी**

**एकलौते ठेकेदार की हठधर्मिता झेल रहे सुराप्रेमी, शिकायत के बाद नहीं हो रही कार्यवाही**

अनूपपुर।

शहरी क्षेत्रों सहित ग्रामीण क्षेत्रों में बोतलों में भर कर अवैध शराब रूपी जहर धड़ल्ले से पुलिस व आबकारी विभाग की शह बिक रहा है। यह सुनने कहने में थोड़ा अटपटा जरूर लगता होगा, लेकिन यही वर्तमान में जिले भर की स्थिति है। एक तरफ जहां नशा माफियाओं पर नियंत्रण लगाने की बातें पुलिस कप्तान के द्वारा कही जाती हैं तो दूसरी तरफ अवैध शराब शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों के होटल ढाबों में खुलेआम बेची जा रही है जिसकी प्रशासन व आबकारी विभाग को खबर तक नहीं है। आखिर कैसे जिले में बेखौफ ये अवैध शराब का धंधा चल रहा है, क्या खुफिया तंत्र इससे अंजान है, या जानने की इच्छा ही नहीं कर रहा है।

जिलेभर में शराब ठेकेदार के गुर्गो की गुण्डागर्दी बढती जा रही है, आये दिन ग्राहकों के निर्धारित दर से ज्यादा पैसे लेने के बाद अभद्रता और दादागिरी रोज की बात हो चुकी है, जिसकी शिकायत मौखिक व लिखित रूप से आबकारी अधिकारी के पास पहुंची है, उसके बावजूद भी कार्यवाही न होना ठेकेदार के समक्ष नतमस्तक की ओर इशारा करता है। जिले में संचालित सभी शराब दुकानों में महंगी दामों पर शराब बेचे जाने की प्रक्रिया अपने चरम पर है। जिले की सभी दुकानों को मिलाकर प्रतिदिन की आय लाखों-करोडो रूपए की होती है। जिसमें इस फायदे का एक तिहाई हिस्सा ग्राहकों से अवैध तरीके से वसूला जाता है, मतलब साफ है कि



बोतलो पर लगे टैग व प्रिंट रेट से ज्यादा में बेचे जाने के कारण लाखों का व्यापार प्रतिदिन करोडो में पहुंच जाता है। खुलेआम गुण्डागर्दी करना, मनमाने दर पर बेचना व बिल न देना इनका पेशा बन चुका है। शराब दुकानों से प्रतिदिन की आय लाखों रूपयों की होती है, इस हिसाब से ठेके में लगाये गये करोडो रूपए चंद महीनों में ही अरबो में बदल जायेंगे और यह प्रक्रिया लगातार वर्ष भर चलता रहेगा। तब तक न जाने कितने लोग शिकार हो चुके होंगे, पर इससे ठेकेदार और आबकारी अधिकारी को कोई फर्क नही पडता।

### बुझे कई घर के चिराग

जिले भर में पहले भी नशे ने कई घरों के चिरागों को अपनी सफेदी से साफ कर दिया तो वर्तमान परिदृश्य में अनूपपुर, कोतमा, बिजुरी, राजनगर, जमुना, जैतहरी, राजेन्द्रग्राम, चचाई जैसे शांतिपूर्ण क्षेत्र में यूं खुले रूप से शराब बेचने से घूंट-घूंट पर मौत का नशा छा गया है। क्या कानून के रखवालों की इसमें मिलीभगत है या मामला कुछ और है, यह चिंतनीय है तथा इसका समाधान भी आवश्यक है। जिले के पुलिस कप्तान व संबंधित विभाग को कड़े निर्णय लेने की आवश्यकता है। तभी जिला खुशहाल व समृद्धशाली विकास यात्रा पर कदम बढ़ा सकता है। नहीं तो उड़ते पंजाब के बाद अब अगली कड़ी में नशे में लडखड़ाता अनूपपुर जिला क्षेत्र पेश होते समय नहीं लगेगा। युवाओं को प्रेरित किया जाना चाहिए कि वे नशे से दूर रहें। उनका ध्यान खेल गतिविधियों की तरफ मोडना होगा।

### बेधड़क होती पैकारी

सुबह जैसे ही अंग्रेजी शराब की दुकान खुलती है वैसे ही शराब ठेकेदार के गुर्गों द्वारा मोटर साइकिल में दो व्यक्तियों को अवैध रूप से शराब की बिक्री करने के लिए होटलों ढाबा एवं ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध रूप से पैकारी में शराब बेचने के लिए भेजी जाती है और वह व्यक्ति मोटर साइकिल में बेखौफ होकर शराब पहुंचाने का कार्य कर रहा है।

### खानापूर्ति के लिए होती कार्यवाही

पुलिस को प्रतिदिन आबकारी एक्ट का मामला बनाने के लिए जिले के मुखिया से निर्देश जारी होते हैं और पुलिस के द्वारा महुआ की बनी कच्ची शराब एवं छोटी मोटी कार्यवाही करते हुए अपने जिम्मेदारियों से इतिश्री कर लेती है जबकि गली मोहल्लों एवं होटल ढाबों में खुलेआम बैठाकर शराब की बिक्री एवं बैठाकर शराब पिलाई जा रही है लेकिन न तो आबकारी विभाग न ही पुलिस विभाग कार्यवाही कर रहा है।

### पुलिस व आबकारी पर भारी ठेकेदार

जिले में संचालित कम्पोजिट शराब दुकान का ठेकेदार पुलिस व आबकारी अधिकारियों पर भारी पडता दिखाई दे रहा है। कहीं ऐसा तो नही कि करोडो के व्यापार से लाखों का नजराना साहब तक पहुंचता हो। चूंकि साहब के बिना तो पुलिस व आबकारी विभाग का एक नियम भी नही बदल सकता, फिर जिले भर में संचालित कम्पोजिट शराब दुकानों में कीमत के विपरीत वसूली व नियमों के विपरीत कार्य करने का लायसेंस पुलिस व आबकारी अधिकारियों के द्वारा जारी तो नही किया गया है।

### कहीं माफिया को साहब का संरक्षण तो नहीं

जिले भर में संचालित कम्पोजिट शराब दुकान नियमों के विपरीत कार्य करने के कारण चर्चा का विषय बना हुआ है और इन विषयों को अंजाम देने वाले ठेकेदार के मैनेजर अपने आप को ठेकेदार बताकर रूतबा जमाये हुए है। जबकि सच्चाई यह है कि ठेकेदार के ये प्यादे है। सोचनीय विषय है कि जब ठेकेदार के गुर्गो में इतनी अकडपन है तो ठेकेदार में कितना घमंड होगा। आखिर इन माफियाओं को संरक्षण देने का कार्य कहीं साहब का तो नही।

### नागरिकों में बढ़ रहा आक्रोश

जिले में फिल्टर युक्त पीने योग्य पानी तो आसानी से नहीं मिल पा रहा है, परंतु अवैध शराब अवश्य मिल जाती है। अवैध शराब कारोबारियों की वजह से सैकड़ों परिवार बर्बाद हो चुके हैं। मदिरा प्रेमियों की संख्या बढ गई है। शिकायत किए जाने के बावजूद न ही आबकारी विभाग कार्रवाई करता है और ना ही पुलिसिया कार्रवाई होती है, जिसके चलते अवैध शराब का विक्रय करने वालों के हौसले तो बुलंद हैं दूसरी ओर अल्प समय में धनवान बनने लगे हैं। जिले भर के लोगो द्वारा शिकायत किए जाने पर मारपीट और गुंडागर्दी तक करते हैं। शिकायत करने पर पुलिस शिकायतकर्ता को ही अपना निशाना बनाती है और समय आने पर झूठी कार्रवाई कर सफल हो जाती है। ऐसी स्थिति में शिकायतकर्ता भी अब शिकायत करने में डर रहे हैं। खुलेआम जिले भर में शराब की अवैध बिक्री हो रही है। स्थिति इतनी विस्फोटक हो गई है कि कुछ मजदूर तो सुबह से ही अवैध शराब के ठिकानों पर पहुंचकर अपनी गाढ़ी कमाई को नशे में झोंक रहे हैं। इसके बावजूद शराब माफियाओं के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। जिले में नशे का कारोबार किस कदर धड़ल्ले से फल-फूल रहा है, इस बात का अंदाजा जगह-जगह डिस्पोजल, गिलास तथा शराब की खाली बोतलों को देखकर आसानी से लगाया जा सकता है। सूर्योदय के साथ ही जहां शराब माफिया सक्रिय हो जाते हैं। वहीं शाम को आसपास के कुछ इलाकों में स्थिति इतनी विस्फोटक हो जाती है कि संभ्रांत परिवार के लोग आने-जाने से कतराने लगते हैं। जिसके कारण वहां के स्थानीय निवासियों के बीच आक्रोश की स्थिति बनती चली जा रहे है।



## भीषण गर्मी में भी नगर पालिका प्रतिदिन व्यर्थ बहा रहा हजारों लीटर पानी

**कोतमा।** एक ओर इस भीषण गर्मी में जगह-जगह लोग पानी की समस्या से जूझ रहे हैं। प्रशासन पानी बचाओ अभियान के नारे लगाते हुए लोगों को जागरुक कर रहा है। ठीक विपरीत इसके नगर पालिका कोतमा में देखने को मिल रहा है जहां प्रतिदिन हजारों लीटर पानी बेकार बह रहा है लेकिन उसे देखने वाला नगर पालिका में कोई नहीं है। आपको बता दे की नगर के वार्ड क्रमांक के एक मनेद्रगढ़ रोड में स्थित फिल्टर प्लांट की ओर जाने वाले सड़क के किनारे नल जल योजना के तहत पाइप लाइन बिछाई गई है जो कई दिनों से क्षतिग्रस्त हो गई है जिसके कारण प्रतिदिन हजारों लीटर पानी व्यर्थ में सड़कों पर बह रहा है। मजे की बात यह है कि छतिग्रस्त पाइप को कोई देख ना ले इसको छुपाने के लिए नल जल योजना के कर्मचारियों के द्वारा उसे छुपाते हुए उसके ऊपर ईट रख दी गई है जिससे कोई इसे देख ना ले। बुधवार को हमारे प्रतिनिधि ने मौके का निरीक्षण करते हुए तस्वीर को कमरे में कैद किया और बताया कि सुबह से लेकर दिन भर हजारों लीटर पानी व्यर्थ में में सड़क पर बह रहा है। पानी बहने के कारण सड़कों पर पानी भर जाता है आवागमन करने वालों को परेशानी होती है साथ ही सड़क खराब होने का भी अंदेशा बना हुआ है। इतना ही नहीं वार्ड क्रमांक एक फिल्टर मोहल्ले में नल जल योजना के तहत कर्मचारियों के द्वारा घरों में जो कनेक्शन के लिए पाइप बिछाई गई है वह भी जगह-जगह से क्षतिग्रस्त है जिसके कारण व्यर्थ में पानी बह रहा है जबकि उसे मार्ग से 24 घंटे नगर पालिका के कर्मचारियों का आना-जाना बना हुआ है लेकिन व्यर्थ में बाय रहे पानी को देखने की इन्हें फुर्सत नहीं है और ना ही सुधार कार्य करने की। जिले के वरिष्ठ अधिकारियों से इस और ध्यान दिलाने हेतु नगर पालिका प्रशासन को छत्रि ग्रस्त पाइप की मरम्मत करवाने के निर्देश देते हुए व्यर्थ में बह रहे पानी को रोकने की मांग की है।

## मोटीवेशनल प्रशिक्षण जिले में कराये जाने आजाद अध्यापक संघ ने सौंपा ज्ञापन

**शिक्षा विभाग के अधिकारियों एवं एनजीओ की सांठगांठ का आरोप**

अनूपपुर।



बोर्ड परीक्षा में बेहतर परिणाम के लिए शिक्षकों का मोटिवेशन प्रशिक्षण अनूपपुर के शिक्षकों का शहडोल एवं उमरिया जिले के विभिन्न स्कूलों में कराया जाने के विरोध में बुधवार को आजाद अध्यापक संघ जिला इकाई अनूपपुर ने संभागायुक्त के नाम कलेक्टर को सौप कर जिले में कराये जाने की मांग की है। आजाद अध्यापक संघ ने बताया कि संभागायुक्त द्वारा संभाग स्तर पर मोटिवेशनल प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें संभाग के तीनों जिलों के शिक्षक शामिल हैं। अनूपपुर जिले के शिक्षकों का प्रशिक्षण शहडोल जिला मुख्यालय के साथ जैतपुर एवं उमरिया जिले में रखकर रखा गया है। इस भीषण गर्मी में दूरस्थ स्थलों के शिक्षकों को समस्याओं का सामने करना पड़ेगा। संघ ने मांग प्रशिक्षण जिला स्तर पर करायें जान की मांग की हैं। ज्ञात हो कि बोर्ड परिक्षाओं में शहडोल और उमरिया जिले के परीक्षा परिणामों में भारी गिरावट आई थी, वहीं अनूपपुर जिले का परीक्षा परिणाम प्रदेश हाई स्कूल में 5वां व हायर सेकेंडरी में चौथा स्थान रहा। इसके साथ शहडोल संभाग में अनूपपुर जिला लगातार 5 वर्षों से प्रथम रहा है। जानकारी अनुसार संभागायुक्त के निर्देश पर संभाग स्तर पर बोर्ड परीक्षा में बेहतर परिणाम के लिए मोटिवेशनल प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा हैं जिसमें शिक्षकों के ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण के नाम पर एनजीओ और शिक्षा विभाग के अधिकारियों के सांठ- गांठ कर आवासीय प्रशिक्षण का दिखावा कर कागजी खानापूर्ति पूरी की जा रही है। जबकि प्रशिक्षण से शिक्षकों को कोई लाभ होता दिखाई नहीं दे रहा है। बल्कि प्रशिक्षण देने वाली संस्था और शिक्षा विभाग के अधिकारी लाभान्वित हो रहे हैं। प्रदेश भर में ग्रीष्मकालीन अवकाश के अवसर पर केवल शहडोल संभाग के शिक्षकों को मोटिवेशनल प्रशिक्षण के नाम पर जिला बदर की सजा दी गई है। जिसमें अनूपपुर जिले के शिक्षकों को जिला शहडोल एवं उमरिया जिले के विभिन्न नगरो में प्रशिक्षण लेने हेतु आदेशित किया गया है। जबकि अनूपपुर जिले में प्रशिक्षण हेतु पूरी व्यवस्था है किंतु प्रशासनिक अधिकारियों के हिटलर शाही आदेश के कारण इस भीषण गर्मी में जिले के अधिकांश शिक्षक परेशान हो रहे हैं।

### एनजीओ से साथ गांठ का मोटीवेशनल

प्रशिक्षण पिरामल फाउंडेशन नामक एनजीओ कराया जा रहा है। पूर्व में भी इसी एनजीओ के द्वारा विकासखंड अनूपपुर में प्रशिक्षण कराया गया था जिसका कोई सार्थक परिणाम नहीं आया। आवासीय प्रशिक्षण के दौरान शिक्षक रात में नहीं रुकते है। जिससे एनजीओ व शिक्षा विभाग के अधिकरियों की मिलीभगत से आवास एवं भोजन के ऊपर व होने वाले राशि के बचत का बंदरबांट का प्रोग्राम है वहीं जिले में अनुभवी एवं वरिष्ठ शिक्षक उपलब्ध होने के बावजूद भी नवनियुक्त शिक्षकों को मास्टर ट्रेनर के रूप में नियुक्त किया गया है। इससे प्रशिक्षण कितना सफल होगा यह विचारणीय प्रश्न है।

## भ्रष्टाचार की लेप से तैयार हुआ सीसी रोड में दो माह में ही आई दरारें

**जिम्मेदारों ने जमकर किया गडबड़झाला, कार्यवाही की मांग**

राजेन्द्रग्राम।

आदिवासी आँचल जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ अंतर्गत मुख्यालय से महज 7 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत अचलपुर मे बेसाहन के घर से रामफल के घर की ओर सीसी रोड निर्माण जिसकी प्रशासकीय स्वीकृति लगभग 6 लाख रुपये की लागत से सरपंच /सचिव के निगरानी में निर्माण कार्य किया जा रहा था जिसमे स्टीमेट के विपरीत बेस में बिना रेत के ही डस्ट से निर्माण कराया जा रहा था। जिसकी शिकायत ग्रामीणों ने संबंधित इंजीनियर से किया जिस पर इंजीनियर दुर्गा सिंह ने मौके पर जाकर देखा तो तुरंत सरपंच /सचिव को नोटिस जारी कर दिया कि रेत की जगह डस्ट का उपयोग किया जा रहा है इसे तुरंत तोड़वा कर रेत व 40 एमएम की गिट्टी से मिक्स कर के बेस



डाला जाए तथा पत्र में जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को भी प्रतिलिपि के माध्यम से कागजी कार्यवाही हेतु भेजा गया किन्तु सरपंच सचिव अपने मोटी कमीशन को ताक में रखकर आनन फानन में डस्ट से ही पूरा सीसी रोड बेसाहन के घर से रामफल के घर तक बना दिए और सरपंच सचिव अपनी अपनी मोटी कमीशन की रकम भी ले चुके किन्तु जो मजदूर रात दिन मेहनत किये उनका मजदूरी अभी नही मिला वही भ्रष्टाचार की लेप से बना सीसी रोड जगह जगह फट चुकी है। निर्माण कार्य के प्रति सजग माने जाने वाले तेज तर्रार जनपद के नवागत मुख्य कार्यपालन अधिकारी के नाक के नीचे इतना बड़ा भ्रष्टाचार हो जाना अजीब बात है। सीईओ से ग्रामीणों ने इस मामले मे सूक्ष्म जांच करवाते हुये दोषियों पर कड़ी कार्यवाही की मांग की है।

### इनका कहना है

पानी की तराई कम हुआ है जिस कारण रोड फट गया है।

**रामप्रसाद, सचिव**
**ग्राम पंचायत अचलपुर**

वहां के पंच लोग काम करवाये है हम उन्ही लोगो को सौंप दिए थे वो लोग जाने।

**कंधी सिंह, सरपंच**
**ग्राम पंचायत अचलपुर**

मैं जाकर दिखवा लेता हूं। यदि गलत काम हुआ होगा तो कार्यवाही की जायेगी।

**गणेश पाण्डेय, मुख्य कार्यपालन अधिकारी**
**जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़**

## श्री कृष्ण जन्म की कथा सुन भाव विभोर हुए श्रद्धालु

अनूपपुर।

जिला मुख्यालय स्थित कोतमा रोड सर लगन पैलेस के पास फत्ते राठौर लीला राठौर के निवास मे 4 से 11 मई तक संगीतमयी श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है जिसमे 7 मई को श्री कृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कृष्ण जन्म के प्रसंग शुरू होते ही पांडाल में मौजूद श्रद्धालु नंद के आनंद भयो जय कन्हैयालाल की भजनों के साथ झूम उठे। कथावाचक पंडित मनीष गौतम शास्त्री ने कहा कि जब जब धरा पर अत्याचार, दुराचार, पापाचार बढ़ता है, तब-तब प्रभु का अवतार होता है। प्रभु का अवतार अत्याचार को समाप्त करने और धर्म की स्थापना के लिए होता है। मनुष्य इस सांसारिक मोह में फस कर अपने जीवन को व्यर्थ गंवा देता है। मनुष्य अपने मन के कुविचारों को निकाल



कर परमेश्वर का ध्यान लगाता है तो वह मोक्ष की प्राप्ति करता है। कथा के दौरान फूलों की होली खेली गई और भगवान श्री कृष्ण के जयकारों के साथ भगवान श्री कृष्ण का जन्म उत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान कथा पंडाल को भव्य तरीके से सजाया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा सुनने के लिए पहुंचे शाम को आरती कर प्रसाद वितरित की गई। कृष्ण जन्म की कथा के पूर्व भगवान राम के अवतार की लीला का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि भगवान राम ने आदर्श स्थापित किया है, वह आज भी प्रासंगिक है। राम जन्म, ताड़का वध, राम विवाह, वनवास, रावण वध सहित राम राज्याभिषेक पर सुन्दर व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि द्वापर में जब कंस के अत्याचार बढ़े तो श्रीकृष्ण ने अवतार लेकर मुक्ति दिलाई। 11 मई को हवन व भण्डारे के साथ भागवत कथा का समापन होगा।